**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 110**

**सोमवार, 03 फरवरी, 2025/14 माघ, 1946 (शक)**

## ट्रेड यूनियनों की सदस्यता का सामान्य सत्यापन

**110. श्री सुब्बारायन के.:**
**श्री सेल्वाराज वी:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा वर्ष 2012-13 में शुरू किए गए श्रमिक संघों की सदस्यता के सामान्य सत्यापन की स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) पूरे हो चुके सत्यापन कार्य का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यह कार्य कब तक पूरा कर लिया जाएगा और सत्यापित सदस्यता के परिणाम की घोषणा कब तक कर दी जाएगी?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (ग): ट्रेड यूनियनों की सदस्यता के सामान्य सत्यापन की प्रक्रिया को, जो वर्ष 2012-13 में शुरू हुई थी, केंद्र और राज्य स्तर पर ट्रेड यूनियनों की मान्यता सहित विभिन्न उपबंधों वाली नई श्रम संहिताओं के निर्माण के मद्देनजर रोक दिया गया था।

*****